भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **4795**

जिसका उत्तर मंगलवार, 23 जुलाई, 2019/01 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाना है।

कृभको इकाइयों की स्थापना

4795. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश के तेलंगाना और नेल्लोर जिले में किसानों की मदद करने के लिए नई कृभको इकाइयां स्थापित करने का विचार है/कदम उठाए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या रूपरेखा तैयार की गई है; और

(ग) अब तक की गयी प्रगति का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना में कृभको इकाइयों द्वारा स्वीकृत/व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री

(डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) से (ग): उर्वरक विभाग का तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की नई इकाई स्थापित करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

****